# पिपलिया पेंदे खां में कृष्णा गौर ने किया शिविर का अवलोकन

## महापौर ने शिवाजी नगर में दिलाई आत्मनिर्भरता की शपथ, आज खजूरी कलां और टीला जमालपुरा में शिविर



**भोपाल (काप्र)।**

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 45 एवं वार्ड 57 में शिविरों का आयोजन किया गया। वार्ड 45 के शिवाजी नगर स्थित कार्यालय के समीप आयोजित शिविर का महापौर श्रीमती मालती राय ने शुभारंभ किया एवं स्टॉल्स पर जाकर जानकारी प्राप्त की और उपस्थितजन को आत्मनिर्भर भारत बनाने की शपथ भी दिलाई।**

वार्ड 57 के पिपलिया पेंदे खां में आयोजित शिविर का राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने अवलोकन किया। उक्त अवसरों पर अपर आयुक्त पवन सिंह, महापौर परिषद की सदस्या श्रीमती सुषमा बावीसा, पार्षद सुरेन्द्र बाड़ीका, श्रीमती शिखा गोहल सहित अन्य पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जोन क्र. 10 के वार्ड क्रमांक 45 में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए श्रीमती राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगम व सुलभ तरीके से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु नागरिकों/हितग्राहियों के पास पहुंच रहे हैं। महापौर ने नागरिकों का आव्हान किया कि इस अवसर का लाभ उठायें अधिक से अधिक योजनाओं का हितलाभ ग्रहण करें। इस मौके पर श्रीमती राय ने नागरिकों से व अधिकारियों से चर्चा भी की व शपथ भी दिलाई और हितलाभ भी वितरित किये।

पिपलिया पेंदे खां में आयोजित शिविर का श्रीमती कृष्णा गौर ने अवलोकन किया और अनेक हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। शिविर में स्थानीय पार्षद सुरेन्द्र बाड़ीका ने शपथ भी दिलाई।

उक्त शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, पी.एम.विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप, खेलो इंडिया, आयुष्मान भारत, आधार कार्ड, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, आर.सी.एस.उड़ान, डिजिटल भुगतान योजनाओं सहित अन्य योजनाओं एवं बैंक के पृथक-पृथक स्टाल लगाए गए थे साथ ही स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इन स्टाल्स पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने योजनाओं एवं ऋण संबंधी जानकारियां प्राप्त की और योजनाओं के लाभ हेतु नवीन आवेदन पत्र भी जमा किए। नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत शुक्रवार 29 दिसम्बर को जोन क्र. 14 के वार्ड 61 के अंतर्गत खजूरी कलां निर्मल नगर के पास एवं जोन 4 के वार्ड 15 एवं 16 के हितग्राहियों के लिए टीला जमालपुरा हनुमान मंदिर के पास शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

### एकतापुरी में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

महापौर श्रीमती राय ने वार्ड 38 के अंतर्गत एकतापुरी मैदान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। श्रीमती राय ने स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये नागरिकों व चिकित्सकों से भी चर्चा की और दवाईयों का वितरण भी किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता के अलावा नितिन पाठक व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### चलित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण

श्रीमती मालती राय ने गुरूवार को अशोका गार्डन परिहार चौराहा पर चलित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया। महापौर ने दीनदयाल रसोई से भोजन लेने वाले नागरिकों से चर्चा की और दीनदयाल रसोई द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन के स्वाद/गुणवत्ता आदि के संबंध में फीडबैक भी लिया और स्वयं भी रसोई में उपलब्ध भोजन का अवलोकन किया। इस अवसर पर नागरिकों ने अवगत कराया कि दीनदयाल रसोई पर स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जा रहा है।



# गमी में शामिल होने गए शासकीय कर्मचारी के मकान के टूटे ताले

**भोपाल (काप्र)।**

**कोहेफिजा थाना इलाके में एयरपोर्ट रोड पर स्थित दाता कॉलोनी में बैखौफ बदमाशों ने शासकीय कर्मचारी सहित दो सूने मकानों के ताले चटकाकर कीमती माल पर हाथ साफ कर दिया।**

पुलिस के अनुसार असलम खान (62) ने बताया कि वह शासकीय सेवा में हैं। अलसुबह पांच बजे वह रिश्तेदार की गमी में शामिल होने के लिए शहर से बाहर ग्वालियर चले गए थे। इस दौरान घर पर उनकी बेटी थी। रात करीब 11 बजे बेटी घर पर ताला लगाकर ग्रीनवैली कालोनी वाले मकान पर चली गई थी। अगली सुबह जब बेटी वापस आई तो उसे मकान का ताला टूटा नजर आया। भीतर घुसे चोरों ने अलमारियों के लॉकर तोड़कर उसमें रखे जेवरात, 50 हजार की नगदी सहित अन्य कीमती सामान गायब था। इसी कॉलोनी में किराये से रहने वाली मारिया खॉन ने पुलिस को बताया की 24 दिसंबर को वह अपने घर पर ताला लगाकर तलैया में रहने वाली अपनी मां के घर चली गई थीं। अगले दिन मकान मालिक ने उन्हें फोन पर चोरी होने की सूचना दी। खबर मिलने पर वह अपनी मां के साथ घर पहुंची तो देखा की दरवाजे को ताला टूटा था। भीतर घुसे बदमाश ने कमरों में रखी अलमारियों के लॉकर तोड़कर सोने और डायमंड के कीमती जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। दोनो की मामलों में पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम टीम को धमकी, दो हिरासत में

**भोपाल (काप्र)।** निशातपुरा थाना इलाके के न्यू जेल रोड पर अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम टीम का लोगों ने जमकर विरोध किया। जब उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया तब उन्होनें अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान को धमकी दे डाली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो लोगो को हिरासम में लिया है। गौरतलब है कि इन दिनो एनजीटी के निर्देश पर भोपाल के ग्रीन बेल्ट क्षेत्रो से अवैध कब्जे हटाये जाने की कार्यवाही जोरो से की जा रही है। गुरुवार दोपहर नगर निगम की टीम न्यू जेल रोड स्थित मोतीलाल नगर गेट के आसपास किये गये अतिक्रमण हटाने पहुंचीं थी। कार्यवाही शुरू होते ही कुछ लोग वहॉ पहुंचे और अतिक्रमण हटाने का विरोध कर कार्यवाही को रुकवाने का प्रयास करने लगे। बढ़ती भीड़ और हगांमा होता देख निगम अफसरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी खान को पप्पू मौलाना नामक युवक ने अपना अतिक्रमण हटाने पर साथियों के साथ मिलकर दुर्व्यवहार करते हुए मारने की धमकी दे डाली।

# अड़ीबाज बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर किया घायल

**भोपाल (काप्र)।**

**शाहाजहांनाबाद थाना इलाके में एक बदमाश ने नशा करने के लिये युवक पर अड़ीबाजी करते हुए रकम की मांग की। युवक ने जब पैसै देने से इंकार किया तब बदमाश ने उस पर चाकू से वार कर घायल कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक मजदुर नगर शाहजहांनाबाद में रहने वाले 18 वर्षीय अरबाज खान पिता हसीन खान ने अपनी शिकायत में बताया कि वह मजदुरी का काम करता है। मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह मोहल्ले में ही आम वाली मस्जिद के पास खड़ा था। उसी समय परिचित समीर वहॉ आया और नशा करने के लिए अड़ीबाजी करते हुए रुपए देने का कहने लगा। फदियादी ने उससे कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इस पर बदमाश समीर उसके साथ गाली-गलौच करनी शुरु कर दी।

अरबाज ने जब उसे गाली देने से मना किया तब आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी करते हुए अपने पास रखे चाकू से वार कर दिया। चाकू के वार से युवक के सिर और पीठ में गंभीर चोट आई है। बाद में बदमाश उसे धमकी देते हुए वहॉ से फरार हो गया। अरबाज को परिवार वाले इलाज के पहले अस्पताल लेकर चले गये थे। इसके बाद अगले दिन उसने पुलिस में शिकायत की। मामला कायम कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# देवड़ा ने बाबा महाकाल एवं पशुपति नाथ जी की पूजा अर्चना की



**भोपाल (काप्र)।**

**उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उज्जैन से बाबा महाकाल जी के दर्शन एवं पूजा अर्चना के बाद मंदसौर के लिए रवाना हुए। श्री देवड़ा का जावरा में अभूतपूर्व स्वागत हुआ। उन्होंने स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया।**

श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है।

श्री देवड़ा का रास्ते में गाँव-गाँव उत्साहपूर्वक स्वागत हुआ। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा गृह जिलें मंदसौर में प्रवेश कर सबसे पहले भगवान पशुपति नाथ जी के मंदिर पहुँचे और प्रदेश की समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। उपमुख्यमंत्री बनने पर पहली बार आज श्री देवड़ा गृह नगर मंदसौर पहुँचे। विभिन्न मार्गों पर स्वागत द्वार बनाये गये थे। नागरिकों में भारी उत्साह था। जगह-जगह स्वागत पोस्टर लगाये गये। मंदसौर शहर के नागरिकों में ऊर्जा एवं उत्साह से भरपूर है। श्री देवड़ा के स्वागत में उन्होंने रास्ते में फूलों की वर्षा की।

## नौ अभ्यर्थियों के बीच मुकाबला चुनाव चिन्ह आवंटित

**भोपाल (काप्र)। उप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार (उत्तरार्ध) नगर पालिक निगम भोपाल के वार्ड क्रमांक 41 से पार्षद पद के उप चुनाव के लिए 9 अभ्यर्थियों के बीच मुकाबला होगा।**

संवीक्षा और नाम वापसी के बाद अभ्यार्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। असद अली, आम आदमी पार्टी, चुनाव चिह्न झाड़ू, मो. फहीम, इंडियन नेशनल कांग्रेस, हाथ का पंजा, डॉ. रेहान सिद्धीकी भारतीय जनता पार्टी, कमल का फूल, तौकीर अहमद निजामी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, पतंग, अहमद अकबर खान, निर्दलीय, केक, अलीम उद्दीन कुरैशी बिल्ले निर्दलीय कैमरा, काजी आसिफ, निर्दलीय, गाजर, मोहम्मद अजहर मिर्जा, निर्दलीय, कोट एवं मो. कलीम खॉ, निर्दलीय टेन्ट चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि वार्ड 41 में कुल 27 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 5 जनवरी को वार्ड 41 के सभी मतदाता मतदान करेंगे। वार्ड 41 में कुल पुरूष एवं महिला मतदाता संख्या 22 हजार 507 हैं।

**5 जनवरी को उप निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित :** राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय के निर्वाचन वर्ष - 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदान कार्यक्रम के अनुसार मतदान शुक्रवार, 5 जनवरी 2024, को जिले के संबंधित उप निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जनप्रतिनिधियों ने भेंट की



**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज शाम विंध्य कोठी स्थित उनके निवास पर अनेक जनप्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव से भेंट करने वालों में सांसद श्री गणेश सिंह, पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल, श्री रामकृष्ण कुसमरिया, श्री अंतर सिंह आर्य और श्री रामपाल सिंह शामिल हैं। अनेक नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री डॉ यादव से भेंट की।

## आयुर्वेद कार्यशाला में छात्रों का किया मार्गदर्शन

**भोपाल (काप्र)।** एम्स के चार संकाय सदस्य, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग से डॉ. अनिंदो मजूमदार, डॉ. दीप्ति डाबर, डॉ. पंकज प्रसाद और मनोचिकित्सा विभाग से डॉ. रोशन एफ सुतार ने आज पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय सारांश अभिविन्यास कार्यशाला में अतिथि व्याख्यान दिए। इस कार्यशाला में 65 प्रथम वर्ष के स्नातकोत्तर छात्रों ने इन संकायों द्वारा लिए गए विभिन्न विषयों पर व्याख्यान में भाग लिया, जैसे कि एक शोध विषय को चुनना, लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित करना, परिचय और साहित्य समीक्षा, अध्ययन डिजाइन, नमूना आकार गणना, लेखन सामग्री और तरीके अनुभाग, लेखन डेटा विश्लेषण योजना, नैतिक मुद्दे और साहित्यिक चोरी। यह डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की अनुसंधान क्षमता का निर्माण करने के एम्स के प्रारूप के अनुरूप है।

# शादी के पांच महीने बाद ही महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल (काप्र)।**

**बागसेवनिया थाना इलाके में नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। मृतिका छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी, जिसकी शादी पॉच महीने पहले ही हुई थी।**

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ निवासी सोनी क्षत्रिय (22) की शादी बागसेवनिया इलाके में स्थित आदर्श नगर, झुग्गी बस्ती में रहने वाले प्रमोद ठाकुर से पांच महीने पहले ही हुई थी। प्रमोद मेहनत-मजदूरी का काम करता है, वहीं सोनी छत्रिय घरेलू महिला था। बीते दिन पति अपने काम पर चला गया था, जब वह वापस घर लौटा तो उसे पत्नी का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पहुंची ने घटनास्थल की छानबीन के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये मर्चूरी में रखवा दिया। पुलिस का कहना है कि हादसे की सूचना मिलने पर नवविवाहिता के परिजन यहॉ के लिये रवाना हो गये है, उनके आने के बाद ही शव का पीएम कराया जायेगा। शुरुआत जॉच में आत्महत्या के कारणो का पता नहीं चल सका है। आगे की जॉच में पुलिस मृतका के पति सहित माता-पिता के बयान दर्ज करेगी जिसके बाद ही आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सकेगा। जॉच के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**मनचले पर प्ररकण दर्ज :** जहांगीराबाद पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले मनचले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी नौवीं कक्षा की छात्रा है, वह पुराने शहर में रहती है, उसकी नानी का घर जहांगीराबाद इलाके में है। आरोप है कि बीते कुछ समय से नानी के घर आते-जाते समय अरसान नामक युवक उसका पीछा कर छेड़छाड़ करता था। आरोपी उसपर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। छात्रा ने उसे नजर अदांज कर दिया इसके बाद आरोपी की करतूते लगातार बढ़ने लगी। परेशान होकर किशोरी ने सारी बात परिवार वालो को बता दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ करने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।